भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 401

जिसका उत्तर 20.07.2022 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग - 28 पर उपरि पुल का निर्माण

401. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय राजमार्ग - 28 पर ताजपुर कोल्ड स्टोरेज मुख्य चौराहा, मुसरी घरारी चौराह एवं दलसिंह सराय चौराहा पर जाम की समस्या बराबर बनी रहती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या मंत्रालय उक्त चौराहों पर उपरि पुल का निर्माण करने पर विचार करेगा?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) जी, हाँ। राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर ताजपुर (किमी 565.175), मुश्री घरारी (किमी 574.550) और दलसिंह सराय (किमी 593.660) पर 3 वाहन अंडरपास (वीयूपी) के निर्माण का कार्य 18.10.2021 को शुरू हो गया है जिसकी पूरी होने की निर्धारित तिथि अक्टूबर, 2022 है।

*****